
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# एक सौ पच्चीसवें वर्ष में कदम रखने जा रही है पिथौरागढ़ की रामलीला

रामलीला

## विगत वर्ष कोरोना की भेट चढे रामलीला मंचन को इस बार भव्य बनाने की कवायद जोरों पर

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की रामलीला इस बार एक सौ पच्चीसवें वर्ष में कदम रखने जा रही है। बता दें कि विगत वर्ष की रामलीला कोरोना की भेंट चढ़ गई थी। वही इस बार कि रामलीला को भव्य बनाने की कवायद जोरों पर चल रही है।

सीमांत जनपद के नगरपालिका स्थित रामलीला मैदान को इस बार खासतौर पर सजाया भी जा रहा है। रामलीला मैदान से लेकर नगर पालिका तक रंग बिरंगी बिजली की मालाएं लगाई जा रही है। प्रथम शारदीय नवरात्र से सीमांत जिले के रामलीला मैदान व टकाना रामलीला मैदान में रामलीला का आयोजन शुरू हो गया है।

सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की ऐतिहासिक रामलीला अपने आप में विशेष योगदान रखती है। रामलीला



मंचन को लेकर जिला रामलीला प्रबंधन कमेटी ने पूरी तैयारियां शुरू कर डाली है। विगत कोरोना काल में रामलीला का आनलाइन मंचन किया गया गया था। वही इस बार सीमांत जनपद की रामलीला का एक सौ पच्चीसवा ऐतिहासिक मंचन रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। वही इस बार रामलीला मंचन को लेकर पात्रों में खासा उत्साह व जोश देखने को मिलेगा। रामलीला का मंचन इस बार जिले में पहली बार मुख्य रामलीला का मंचन होने के बाद सीधे महिला रामलीला का भी आयोजन किया जाने की भी कवायद जारों पर चल रही है। युवतियां और महिलाएं इसके आयोजन को लेकर प्रशिक्षण व तालीम भी ले चुकी है। मुख्य रामलीला के बाद महिलाओं व युवतियों की रामलीला भी मुख्य आकर्षण का जरिया रहेगी।

सीमांत जनपद की रामलीला को देखने दूर दूर के इलाकों के गांवों से तदात में देखने लोगों की भीड़ उमड़ती है। वही लोगों में रामलीला को देखने को लेकर खासा उत्साह भी देखने को मिलता है। सीमांत जिले की रामलीला प्रबंधन कमेटी पिथौरागढ़ व टकाना के प्रयासों से इस बार रामलीला का विशेष तौर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## न्यूज डायरी

### आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं ने दिया धरना

**संवाददाता** गढ़वाल। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं का विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन जारी है। ब्लाक संगठन नौगांव के आंगनबाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं और सहायिकाओं ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा। नौगांव। विकासखंड मुख्यालय में आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं, मिनी कार्यकर्त्ताओं व सहायिकाओं को 18 हजार रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाए। उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित किया जाना चाहिए। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष अबला चौहान ने बताया कि राज्य सरकार लगातार उनकी अनदेखी कर रही है। इस मौके पर संगीता चौहान, शिववाला, रानी, मोनिका, आरती, भारती, उर्मिला, पुष्पा, संतोषी, गीता, शांता, शोभा नेगी, शारदा, कुसुम भंडारी आदि मौजूद थे।

### मामूली सी बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, दो घायल

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार जिले के ज्वालापुर में सड़क पर रेत–बजरी डालने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। देखते ही देखते एक पक्ष ने लाठी–डंडों से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। इसमें तीन लोग घायल हो गए। इनमें दो घायलों को गंभीर हालत में एम्स रेफर करना पड़ा। फिलहाल, पुलिस ने पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।
पुलिस के मुताबिक, ज्वालापुर के मोहल्ला घोसियान निवासी नईम ने शिकायत देकर बताया कि पड़ोसी मेहरबान, सोनू, शादाब, आरिफ उसके परिवार से रंजिश खते हैं।

### विद्यामंदिर क्लासेज को इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी को मिला सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। महामारी के दौर में भी शिक्षा उद्योग से जुड़ीं प्रसिद्ध हस्तियों के साहस और जज्बे का सम्मान करने के लिए जी हिंदुस्तान ने एजुकेशन एक्सेलेंस अवार्ड का आयोजन किया। महामारी के दौरान समूचा शिक्षा उद्योग छात्रों और उनके अभिभावकों को सहयोग करता रहा है और उनकी उम्मीदों को बरकरार रखा है। इस क्रम में जी ग्रुप ने भी ऐसे कठिन हालात में शिक्षा के माध्यम में क्रांति लाने के लिए हरसंभव कदम उठाया है। जी हिंदुस्तान एजुकेशन एक्सेलेंस 2021 प्रोग्राम के तहत देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। सभी संस्थानों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों के सख्त मानकों पर परखा गया, जिसमें विद्यामंदिर क्लासेज को श्इंजीनियरिंग और मेडिकल कोचिंग के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थानश् का पुरस्कार मिला।

## प्यार में नाकाम दो युवकों ने नाबालिग की हत्या की, जंगल में मिला शव

**संवाददाता** हल्द्वानी। इश्क में इन्कार मिला तो दो युवकों ने नाबालिग बच्ची की हत्या कर दी। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल के पास से किशोरी का शव बरामद किया है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी हुई है। बनभूलपुरा थाना क्षेत्र निवासी दो युवक आलमारी बनाने का कार्य करते हैं। युवकों का कहना है कि मृतक लड़की से उनका इश्क था। लड़की ने जब स्वीकार नहीं किया तो उसकी हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस दोनों युवकों से पूछताछ में लगी हुई है।

बीते 29 सितंबर को 15 वर्षीय किशोरी घर से गायब हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर स्वजनों ने बनभूलपुरा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जहां पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके खोजबीन आरंभ कर दी थी। मामले की जांच में दो युवकों का नाम सामने आने के बाद दोनों से पुलिस ने सख्ती दिखाई। जिसके बाद युवकों के बयान के आधार पर नाबालिग का शव रेलवे लाइन के समीप जंगल से बुधवार की सुबह बरामद हुआ। माना जा रहा है कि गला दबाकर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं क्षेत्र में हत्या की खबर जब पुलिस के बड़े अधिकारियों को मिली तो हड़कंप की स्थिति बन गई। एसएसपी प्रीति प्रियदर्शिनी, सीओ सिटी शांतनु परासर, एसपी सिटी डा. जगदीश चंद्र आदि ने आंवला गेट के पास जंगल में मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया।



## प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने रखा उपवास

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर मामले में पीड़ितों से मिलने जा रही कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी से कांग्रेस के कार्यकर्त्ता आक्रोशित हैं। जिसको लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यालय डोईवाला में कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्त्ताओं ने मौन उपवास रखा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव सिंह ने कहा कि सरकार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है, लेकिन पीड़ितों की मदद करने उनका हाल जानने के लिए कांग्रेस नेता किसानों के बीच पहुंच रही थी उनको गिरफ्तार कर सरकार ने पूर्ण रूप से तानाशाही रवैया अपनाया है, जो एक स्वतंत्र लोकतंत्र में गलत परंपरा है। कांग्रेस का कार्यकर्त्ता इसकी निंदा करता है।

## शारदीय नवरात्र आज से, मां दुर्गा की उपासना में लीन रहेगी धर्मनगरी

**संवाददाता** हरिद्वार। पितृमोक्ष अमावस्या पर पितरों की विदाई के साथ ही शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा के नवरात्र की तैयारी शुरू हो गई। श्राद्ध पक्ष के बाद धर्मनगरी शारदीय नवरात्र में मां जगदम्बा की उपासना के अध्यात्मिक रंग में डूबने लगी है। गुरुवार को प्रथम नवरात्र पर धर्मनगरी के सिद्धपीठ, विभिन्न देवी मंदिरों सहित घरों में घट स्थापना की तैयारी पूरी कर ली गई है।
मां भगवती के स्वागत के लिए मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया जा रहा है। नवरात्र के पहले दिन मां के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी। नवरात्र के साथ ही बाजारों में



रौनक नजर आने लगी है। दुकानों में पूजन सामग्री, माता के श्रृंगार का सामान, नारियल, चुनरी, घट स्थापना व जौ बोने के लिए मिट्टी का पात्र आदि सामान सजाया गया है। वहीं बाजारों में भी सजावट की गई है। वहीं शारदीय नवरात्र प्रथम दिन मां मनसा देवी, चंडी देवी, माया देवी, सुरेश्वरी देवी सहित हरकी पैड़ी में बाकी दिनों से अपेक्षा श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ रहने का अनुमान है।

**घर में विराजे मा आदि शक्ति, करें प्रार्थनाः** नवरात्र में मां दुर्गा की उपासना के लिए शास्त्रीय विधान के अनुसार घर के देव स्थल पर मिट्टी और रेत के ऊपर जौ बो कर गंगा जल से भरे कलश में कुशा, सप्त औषधि, चावल आदि रख घट स्थापना करें। इसके बाद गणेश पूजन, नवग्रह पूजन, भूमि पूजन, दीप पूजन के बाद कलश पूजन करें। साथ ही प्रसन्न मन से आदि शक्ति से घर में विराजने की प्रार्थना करें।

अगले नौ दिनों तक घट के सामने ही मां दुर्गा की पूजा–अर्चना की जाएगी। तीसरे दिन घट में बोए गए जौ भी अंकुरित हो जाएंगे। धार्मिक मान्यता है कि कलश में भरा गंगाजल नौ दिनों तक अमृत तुल्य बन जाता है।

## भाजपा में जल्द शामिल हो सकते हैं विधायक राम सिंह कैड़ा

**संवाददाता** देहरादून। भीमताल से निर्दलीय विधायक राम सिंह कैड़ा जल्द भाजपा का दामन थाम सकते हैं। कैड़ा की मंगलवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक से हुई मुलाकात को इससे जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा कि वह दो–तीन के भीतर दिल्ली में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। पुरोला से कांग्रेस विधायक राजकुमार और धनोल्टी से निर्दलीय विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने कुछ समय पहले दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। राजकुमार तो विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा भी दे चुके हैं। इस बीच लंबे समय से चर्चा चल रही है कि भीमताल के विधायक राम सिंह कैड़ा भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, उनके भाजपा में आने की चर्चाओं के साथ भीमताल क्षेत्र में पार्टी के भीतर से विरोध के सुर भी उठ रहे हैं। उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि विधायक की उनके साथ शिष्टाचार मुलाकात थी। कैड़ा भाजपा में शामिल हो रहे हैं या नहीं, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इस विषय पर उनकी कोई बात नहीं हुई है।